राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री बागडे श्रीगंगानगर सीमा क्षेत्र के हिंदुमलकोट गांव पहुँचे

केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में ली जानकारी

बच्चों से संवाद किया, कहा खूब पढ़ें और आगे बढ़े

अधिकारियों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए

जयपुर ६ श्रीगंगानगर 30 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे शुक्रवार को श्रीगंगानगर सीमा क्षेत्र के हिंदुमलकोट गांव पहुँचे। उन्होंने वहां विद्यालय की कक्षाओ का अवलोकन कर स्वयं पुस्तक हाथ में लेकर बच्चों से विशेष रूप से संवाद किया। उनसे वह बतियाए और खूब पढ़ने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय में पोषाहार वितरण और खेलकूद गतिविधियों के बारे में भी जानकारी ली।

इससे पहले उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित लोगों से भी संवाद किया। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में भी जानकारी ली।

उन्होंने अधिकारियों को मौके पर ही कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रदेश के हर नागरिक को समयबद्ध मिले। उन्होंने सीमांत क्षेत्र के गांवों के विकास पर विशेष ध्यान देने पर भी जोर दिया।

राज्यपाल ने कहा अवनि लेखरा ने विश्व भर में भारत को गौरवान्वित किया

राज्यपाल ने पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारत को स्वर्ण और कांस्य मिलने पर दी बधाई

जयपुर, 30 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने पेरिस पैरालंपिक 2024 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (SH1) स्पर्धा में शुक्रवार, 30 अगस्त को भारतीय निशानेबाज अवनि लेखरा के स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने जयपुर की इस स्टार पैरा शूटर पर गर्व जताते हुए कहा कि अवनि ने विश्व भर में भारत को गौरवान्वित किया है।

श्री बागडे ने भारत की ही मोना अग्रवाल के कांस्य पदक जीतने पर भी प्रसन्नता जताते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इन दोनों की जीत महिला शक्ति की विजय है।

कक्षा - 1,2
कालांश
VIII
विषय - कलाशिक्षा
30/8/24
ACTIVITY

कालांश

ज्यामितीय आकृतियां
वाक्य वर्ग पहेली
पहाड़े
बाँट कर देखो
हिसाब लगाओ
गुणन पहिया
GGS 2ML

तीरंदाजी शैड राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय, हिन्दुमलकोट